Attendance letter - telephone interpreter service

# उपस्थिति पत्र – टेलीफोन दुभाषिया सेवा

विद्यार्थी का नाम
Name of student

प्रिय माता-पिता/देखभालकर्ता

संलग्न पत्र स्कूल पर आपकी संतान की उपस्थिति के बारे में हमारी चिंताओं को दर्शाता है।

NSW शिक्षा अधिनियम (1990) माता-पिता/देखभालकर्ताओं के लिए यह आवश्यक बनाता है कि वे सुनिश्चित करें कि उनकी संतान हर उस दिन स्कूल में उपस्थित होती है जब स्कूल खुला होता है, बशर्ते कि वह बीमार न हो या किसी अन्य कारणवश प्रिंसिपल ने अवकाश की मंज़ूरी न दी हो। यदि आपकी संतान अनुपस्थित है, तो आपको अनुपस्थिति के सात दिनों में स्पष्टीकरण प्रदान करना होगा।

यदि संलग्न पत्र को समझने में आपको कठिनाई आती है तो कृपया हमसे संपर्क करें ताकि हम अपनी सहायता की पेशकश कर सकें।

यदि हमसे संपर्क करने में आपको दुभाषिया सहायता की आवश्यकता है, तो कृपया 131 450 पर कॉल करें और अपनी भाषा में दुभाषिए के लिए निवेदन करें। ऑपरेटर को वह फोन नम्बर बताएँ जिसपर आप कॉल किए जाना चाहते/ती हैं, और वह आपकी बातचीत में आपकी सहायता करने के लिए दुभाषिए को लाइन पर कनेक्ट करेगा। इस सेवा के लिए आपसे शुल्क नहीं लिया जाएगा।

स्कूल संपर्क व्यक्ति का नाम
Name of school contact person

स्कूल संपर्क व्यक्ति का फोन नम्बर
School contact person phone number